# संचय
# SANCHAYA

रा ब सं
जनसेवा में 50 वर्षों से अधिक
NSI
Over 50 Years in Service of People

मासिक प्रकाशन | Monthly Publication

अगस्त-सितम्बर, 2010 (अंक 202) | August-September 2010 (Issue 202)





श्री अनिल भट्टाचार्य, निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान ने 16 सितम्बर 2010 को नागपुर मे क्षेत्रीय केन्द्र राष्ट्रीय बचत संस्थान नागपुर द्वारा संचयिका दिवस पर विवेकानन्द कॉलेज ऑफ सोशल वर्क, महल, राष्ट्रीय बचत मे आयोजित कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए ।

## राष्ट्रीय बचत संस्थान ने पूरे देश मे संचयिका दिवस मनाया।

राष्ट्रीय बचत संस्थान, प्रतिवर्ष 15 सितम्बर को संचयिका दिवस मनाता है । इस वर्ष भी पूरे देश मे 15 सितम्बर 2010 को क्षेत्रीय निदेशको के मुख्यालय मे संचयिका दिवस मनाया गया । संचयिका दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य स्कूल/कॉलेजो मे बचत की आदत का विकास करना तथा बैंकिंग एवं लेखा कार्य पद्धति की जानकारी देना और उसके नेतृत्व क्षमता को उन्नत करना है क्योंकि वें भविष्य के नागरिक है ।

संचायिका योजना एक स्कूल बचत बैंक है जो विद्यार्थियों के लिये चलाई जाती है । इस योजना के अंतर्गत जो रकम जमा होती है उसे डाकघर बचत खाते मे जमा कर दिया जाता है जो कि प्राचार्या/मुख्याध्यापक के द्वारा बनाए गये बोर्ड ऑफ ट्रस्टी द्वारा संचालित किया जाता है इसमे स्कूल/कालेज के दो विद्यार्थी प्रतिनिधी के रूप मे होते है । विद्यार्थियों से एक निश्चित दिन बचत राशि एकत्रित कर उनके पास बुक में प्रविष्टियां दर्ज कर उन्हे वापस कर दी जाती है । राष्ट्रीय बचत संस्थान ने संचायिका दिवस के दौरान विद्यार्थियो के लिये विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जैसे निबंध, भाषणकला, प्रश्नमंच इत्यादि और प्रतियोगिता के विजेताओ एवं प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किये गये । कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों ने राष्ट्रीय बचत संस्थान द्वारा विद्यार्थीयों मे वित्तीय साक्षरता विकसित करने हेतु अदा की गई भूमिका की सराहना की । क्षेत्रीय केन्द्रों द्वारा आयोजित संचायिका दिवस समारोह को देशभर के प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया द्वारा प्रचार दिया गया । राष्ट्रीय बचत संस्थान ने संचायिका दिवस पर एक विशेष विज्ञापन डी. ए. वी. पी. के माध्यम से पूरे देश के चुनिन्दा समाचार पत्रों मे जारी किया


राष्ट्रीय बचत संस्थान
NATIONAL SAVINGS INSTITUTE

http://nsiindia.gov.in.

राष्ट्रीय बचत संस्थान, सी.जी.ओ. कॉम्पलेक्स, सेमिनरी हिल्स, नागपुर National Savings Institute, CGO Complex, Seminary Hills, Nagpur




श्री. एम. आर. सुरेशकुमार, अध्यक्ष, श्रीराम विद्यालय ट्रस्ट बैंगलोर, राष्ट्रीय बचत संस्थान बैंगलोर द्वारा आयोजित संचायिका दिवस समारोह के अवसर पर संचायिका मे उत्कृष्ट कार्य करने पर राष्ट्रीय बचत संस्थान द्वारा प्रदत्त स्मृति चिन्ह के साथ दिखाई दे रहे ।

## राष्ट्रीय बचत संस्थान, भारत सरकार, वित्त मंत्रालय 18 से 22 अक्टूबर 2010 के दौरान केपटाऊन साऊथ अफ्रिका मे आयोजित 13 वी विश्व बचत बैंक संस्थान, डाक सेवा बैंक फोरम और डब्लू एस. बी. आई.-बी. एम. जी. एम. डब्लिंग सेविंग्स् अकाऊन्ट प्रोजेक्ट मध्यवर्ती कार्यशाला मे भाग लेगा ।

वित्त मंत्रालय, भारत सरकार, ने श्री अनिल भट्टाचार्य, निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान और श्री एम. ए. खान, अवर सचिव, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार को साऊथ अफ्रीका के केपटाऊन मे 18 से 22 अक्टूबर 2010 के दौरान होने वाली 13 वी विश्व बचत बैंक संस्थान, डाक सेवा बैंक फोरम और डब्लू एस. बी. आई-बी. एम. जी. एफ. डब्लिंग सेविंग्स् अकाऊन्ट प्रोजेक्ट मध्यवर्ती कार्यशाला मे भाग लेने हेतु नामित किया । इस कार्यशाला मे विभिन्न विषयो जैसे पोस्टल बैंकिंग से संस्थागत रिफार्म; चुनौतियाँ और अन्तर्राष्ट्रीय अनुभवः उत्पाद परिवर्तन के अवसर, डाक बैंकिग मे जोखिम प्रबन्धन इत्यादि । इस प्रबन्धन मध्यवर्ती कार्यशाला का उद्देश्य चुने हुए प्रोजेक्ट के अनुभवो को बांटना, और विश्व स्तर पर निर्धन जमाकर्ता के बचत खातो को दुगुना करने के व्यापक उद्देश्य को समर्थन देना था । इस कार्यशाला मे विश्व बचत बैंक संस्थान के पूरे विश्व के सदस्य देशों से आये प्रतिनिधी मंडल भाग लेगें ।




सिस्टर एम. रोजरिटा, मुख्याधिपिका, सेंट टेरीसा एंग्लो-इंडियन हायर सेकन्ड्री स्कूल, कन्नूर में आयोजित संचायिका दिवस 2010 के दौरान केरल राज्य में संचायिका के तहत उत्कृष्ट कार्य करने पर श्री टी. दसारी, क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान, चैन्नई के द्वारा शिल्ड प्राप्त करते हुए दिखाई दे रहे है ।




श्री. अनिल भट्टाचार्य, निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान (केन्द्रीय कार्यालय) द्वारा 14 सितम्बर 2010 को आयोजित हिन्दी दिवस पर सभा को संबोधित करते हुये दिखाई दे रहे हैं । साथ ही श्री एस. के. त्रिपाठी, संयुक्त निदेशक एवं राजभाषा प्रभारी भी दिखाई दे रहे हैं ।

## राष्ट्रीय बचत संस्थान द्वारा सितम्बर 2010 में हिन्दी पखवाडा का आयोजन

**राष्ट्रीय बचत संस्थान ने सितम्बर 2010 में अपने मुख्यालय नागपूर मे हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन किया । इस पखवाड़े के आयोजन का मुख्य उद्देश्य दैनंदिन कार्यो में राजभाषा के प्रयोग को बढ़ावा देना था। श्री अनिल भट्टाचार्य, निदेशक एवं विभागाध्यक्ष एन. एस. आई ने अपने उद्घाटन संबोधन मे कहा कि हिन्दी पूरे देश के लोगों की संप्रेषण की जीवन रेखा है । उन्होने समस्त कर्मियों से अपील किया कि वे मंत्रालय के द्वारा निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति करें । श्री एस. के. त्रिपाठी, संयुक्त निदेशक एवं प्रभारी, राजभाषाने, हिन्दी पखवाड़े के उद्देश्य एवं उसके महत्व पर प्रकाश डाला और दैनंदिन कार्यो मे ज्यादा से ज्यादा हिन्दी के प्रयोग पर जोर दिया । इस अवसर पर माननीय वित्त मंत्री भारत सरकार से प्राप्त संदेश को पढ़ा गया ।**

**इस पखवाड़े के दौरान कर्मियोंके लिये निबंध, काव्यपाठ प्रतियोगिताओंका आयोजन किया गया । पखवाड़े के समापन कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को श्री अनिल भट्टाचार्य, निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान के हाथों पुरस्कार वितरित किये गये ।**



राष्ट्रीय बचत संस्थान, कोलकाता क्षेत्रीय केन्द्र द्वारा आयोजित संचायिका दिवस कार्यक्रम मे बेलटाला कन्या विद्यालय के विद्यार्थी कार्यक्रम मे भाग लेते हुए ।

## जून 2010 के लिए अल्प बचत संग्रहण

*(करोड़ रुपये)*

| क्र. सं. | क्षेत्र/राज्य | जून 2009 तक | | जून 2010 तक | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | सकल | शुद्ध | सकल | शुद्ध |
| 1 | आंध्र प्रदेश | Gross | Net | Gross | Net |
| 2 | अरूणाचल प्रदेश | 4936.26 | 474.18 | 7450.32 | 926.25 |
| 3 | असम | 35.58 | 13.33 | 57.60 | 20.30 |
| 4 | अंदमान निकोबार द्वीप | 618.30 | -4.77 | 1102.78 | 300.84 |
| 5 | आर्मी पोस्ट ऑफीसेस | 13.40 | 5.69 | 14.55 | 4.49 |
| 6 | बिहार | 147.21 | 32.07 | 154.04 | 27.54 |
| 7 | झारखंड | 1182.52 | 247.07 | 1748.38 | 491.45 |
| 8 | चंडीगढ़ | 213.19 | 41.23 | 314.52 | 25.86 |
| 9 | दमण एवं दीव | 195.05 | 22.07 | 355.22 | 113.49 |
| 10 | दिल्ली | 2317.40 | 129.74 | 3481.20 | 522.85 |
| 11 | गोवा | 187.32 | 36.55 | 273.64 | 66.08 |
| 12 | गुजरात | 5868.97 | 897.52 | 6860.88 | 1142.94 |
| 13 | हरियाणा | 1827.39 | 229.05 | 2320.67 | 466.31 |
| 14 | हिमाचल प्रदेश | 945.16 | 108.53 | 1297.34 | 298.76 |
| 15 | जम्मू व कश्मीर | 470.00 | 7.10 | 624.51 | 135.20 |
| 16 | कर्नाटक | 2287.99 | -36.22 | 3490.74 | 619.99 |
| 17 | केरल | 1710.50 | -103.63 | 2423.11 | 175.92 |
| 18 | लक्षद्वीप | 0.70 | 0.14 | 0.87 | 0.10 |
| 19 | मध्य प्रदेश | 1867.93 | 101.57 | 2682.86 | 490.91 |
| 20 | छत्तीसगढ़ | 756.67 | 54.20 | 1159.39 | 203.49 |
| 21 | महाराष्ट्र | 5490.29 | 636.92 | 8196.04 | 1909.8 |
| 22 | मणिपुर | 26.18 | -5.37 | 39.98 | -2.14 |
| 23 | मेघालय | 55.15 | 9.79 | 105.60 | 30.02 |
| 24 | मिझोरम | 24.27 | 4.63 | 48.90 | 9.97 |
| 25 | नागालैंड | 11.08 | 0.55 | 23.52 | 7.83 |
| 26 | उड़ीसा | 1124.93 | 228.87 | 1622.86 | 447.93 |
| 27 | पुदुचेरी | 45.90 | 2.08 | 77.67 | 25.87 |
| 28 | पंजाब | 3019.34 | 343.87 | 3613.67 | 298.57 |
| 29 | राजस्थान | 4064.49 | -264.82 | 4304.52 | 243.11 |
| 30 | सिक्कीम | 20.49 | -3.01 | 52.79 | 16.05 |
| 31 | तमिलनाडू | 3306.84 | 12.65 | 4675.96 | 310.71 |
| 32 | त्रिपूरा | 143.62 | 7.28 | 316.37 | 87.03 |
| 33 | उत्तर प्रदेश | 6311.99 | 1013.46 | 7982.94 | 1550.43 |
| 34 | उत्तरांचल | 1004.35 | 214.34 | 1251.16 | 327.51 |
| 35 | पश्चिम बंगाल | 5609.56 | 1018.76 | 8639.01 | 2910.15 |
| | कुल | 60988.28 | 6691.21 | 83119.83 | 15788.91 |

टिप्पणी : डाक विभाग नई दिल्ली से प्राप्त आंकडे समायोजन के अधीन है । इन आंकडों में पी.पी.एफ. एवं एस सी एस एस (बैंक) संग्रह शामिल नहीं हैं।

शिवराज (डी.जी.पी.एस.) नागपुर.